हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
गुरुवार, 29 अगस्त 2019, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

Page No-8 : Middle

एसआरएमएस, फ्यूचर सहित चार संस्थानों ने किया आवेदन

रुहेलखंड को चार नई यूनिवर्सिटी का तोहफा

बरेली | प्रमुख संवाददाता

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में रुहेलखंड को चार नई प्राइवेट यूनिवर्सिटी का तोहफा मिलने जा रहा है। इसमें दो यूनिवर्सिटी बरेली, एक शाहजहांपुर और एक चंदौसी में खुल रही है। प्राइवेट यूनिवर्सिटी खोलने के लिए आवेदन करने वाले संस्थानों में तीन मेडिकल कॉलेज भी हैं। इनकी जांच के लिए शासन की ओर से गठित टीम ने निरीक्षण पूरा कर लिया है और 30 अगस्त से पहले रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी। इसके बाद शासन अनुमति पर फैसला लेगा।

बरेली के एसआरएसएम मेडिकल कॉलेज, फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, शाहजहांपुर के वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज और चंदौसी के राधा गोविंद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने प्राइवेट यूनिवर्सिटी बनाने के लिए आवेदन किया था। इसके लिए शासन ने पांच सदस्यीय कमेटी बना दी। इसमें विशेष सचिव रामबहादुर सिंह, कुलपति प्रो. अनिल शुक्ल, डीएम प्रतिनिधि, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश प्रकाश और रुहेलखंड विवि के वित्त अधिकारी सुरेश उपाध्याय को शामिल किया गया था। चंदौसी के राधा गोविंद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का पिछले हफ्ते ही निरीक्षण हो चुका है। फ्यूचर का टीम ने सोमवार और एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज व वरुण अर्जुन नर्सिंग कॉलेज का बुधवार को निरीक्षण किया।

बरेली में दो प्राइवेट यूनिवर्सिटी पहले से मौजूद

बरेली में दो प्राइवेट यूनिवर्सिटी इनवर्टिस और बरेली इंटरनेशनल पहले से ही हैं। अब एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज बरेली, फ्यूचर ग्रुप और राजश्री मेडिकल कॉलेज के यूनिवर्सिटी बनने के बाद बरेली में ही पांच प्राइवेट यूनिवर्सिटी हो जाएंगी।

“ चार संस्थानों ने प्राइवेट यूनिवर्सिटी बनने के लिए आवेदन किया था। शासन ने कमेटी बनाई थी। चारों संस्थानों का कमेटी ने स्थलीय निरीक्षण कर लिया है और अब 30 से पहले रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी। -प्रो . अनिल शुक्ल, कुलपति, रुहेलखंड विवि